# महिलाएं बोलीं 'हम प्यासे हैं, हमें पानी दो'

## मंडीदीप में गर्मी की शुरुआत में ही पेयजल संकट

**मंडीदीप, 10 मार्च. औद्योगिक शहर मंडीदीप में गर्मी की दस्तक के साथ ही नगर पालिका के ज्यादातर वार्डों में पेयजल की किल्लत शुरू हो गई है. इस समस्या से त्रस्त होकर मंगलवार को वार्ड 26 खनपुरा गांव की बड़ी संख्या में महिलाएं नपा कार्यालय पहुंचीं.**

मौके पर नपा अध्यक्ष, सीएमओ और संबंधित वार्ड पार्षद के नहीं मिलने से महिलाएं भड़क उठीं. उन्होंने नपा कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की और पार्षद की निष्क्रियता पर उनका इस्तीफा मांग लिया. प्रदर्शनकारियों ने लगातार नारे लगाए- 'हम प्यासे हैं, हमें पानी दो'. महिलाओं ने बताया कि खनपुरा गांव में न तो पेयजल की पक्की व्यवस्था है, न सड़क-नाली की. 6-6 दिन में बमुश्किल पानी मिल रहा है. उन्होंने बताया कि पंचायत से नपा में शामिल होने के बाद गांव की हालत और बिगड़ गई है. उनकी पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं है.



### कई वार्डों में आठ दिन में पेयजल सप्लाई

*नपा की ओर से दावा किया जाता है कि सभी वार्डों में दो दिन छोड़कर पानी दिया जाता है, लेकिन हकीकत यह है कि अध्यक्ष ओर उपाध्यक्ष के वार्ड को छोड़कर अन्य वार्डों में 8-8 दिन में एक बार ही पानी मिल पा रहा है. हालात यह कि गर्मी बढ़ने के साथ संकट और गहरा रहा है.*

### बोरवेल पर निर्भर पूरी पेयजल व्यवस्था

नपा के सभी 26 वार्डो की पेयजल व्यवस्था बोरवेल पर निर्भर है, नपा सभी 26 वार्डों में करीब 120 बोर चालू थे, लेकिन गर्मी की दस्तक के साथ इनका जल स्तर नीचे चले जाने से 20 से ज्यादा बोर बंद हो चुके हैं वहीं कुछ बोर में पानी भी कम हो गया है. जिसके चलते पेयजल व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है.

# प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में है गैस व तेल : सीएम

▸ कहा- आपूर्ति में नहीं है कोई परेशानी

**भोपाल, 10 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में आपूर्ति व्यवस्था में कहीं किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं है. सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति संसाधन उपलब्ध हैं. किसी को भी खाद्य पदार्थ, गैस या तेल आपूर्ति के लिए परेशान या पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रदेश में बेहतर से बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार परिस्थितियों पर गहनता से नजर बनाए हुए हैं. केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में देश के साथ मध्यप्रदेश में भी कहीं कोई आपूर्ति संबंधित दिक्कत नहीं है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में खाड़ी देशों में उपजी विषम परिस्थितियों के मद्देनजर मध्यप्रदेश में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्व और देश के समक्ष उपजी परिस्थितियों और संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए मध्यप्रदेश में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा.

उन्होंने कहा कि तीन सदस्यीय मंत्री और अधिकारियों की समिति प्रदेश की आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी करेगी और आपूर्ति बहाल रखने के लिए सभी कदम उठाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खाड़ी देशों में रह रहे या वर्क वीजा पर गए या पर्यटन के लिए गए भारतीय नागरिकों, विशेषकर मध्यप्रदेश के निवासियों की स्वदेश वापसी के लिए मध्यप्रदेश सरकार लगातार केंद्र सरकार के सम्पर्क में है. राज्य सरकार से हेल्पलाइन के जरिए अब तक 255 लोगों ने संपर्क किया है, जिनकी सकुशल स्वदेश वापसी के लिए प्रयास तेज किए जा रहे हैं.

### निगरानी और समीक्षा के लिये मंत्रिमंडल समिति गठित

**भोपाल.** राज्य शासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम एवं मध्य-पूर्व एशिया की वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत प्रदेश में पड़ने वाले प्रभावों की निरंतर निगरानी एवं उत्पन्न स्थिति की समीक्षा के लिये मंत्रिमंडल समिति का गठन किया गया है. समिति में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप को सदस्य मनोनीत किया गया है. समिति आवश्यकता अनुसार बैठक कर इस संबंध में केन्द्र सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में, मध्य-पूर्व एशिया में रह रहे नागरिकों की समस्याओं को संज्ञान में लेकर निराकरण के उपायों की समीक्षा करेंगे. साथ ही प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों, एलपीजी गैस, उर्वरक और अन्य अत्यावश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये विचार कर अपनी अनुशंसा देगी. समिति, राज्य शासन की ओर से की जाने वाली पहल अथवा नीतिगत निर्णयों के लिये भी केन्द्र सरकार के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन को अपनी अनुशंसा देगी.

# आरएनटीयू में चित्रकला, बिरसा मुंडा पर होंगे व्याख्यान

## 'अभ्युदय भारत 2026' के तहत कार्यक्रम 13-14 मार्च को

**भोपाल, 10 मार्च. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे 'अभ्युदय भारत 2026' कार्यक्रम के अंतर्गत रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा.**

इसी क्रम में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता तथा 'भगवान बिरसा मुंडा' विषय पर व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे. मानविकी एवं उदार कला संकाय में 13 मार्च को सुबह 11 बजे चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी. प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति और विरासत से जुड़े विषयों को रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना है. प्रतियोगिता में विद्यार्थी भारतीय संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रनायकों से संबंधित विषयों पर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा. इसी क्रम में 14 मार्च 2026 को कथा सभागार में 'भगवान बिरसा मुंडा' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर समाज सेवक एवं गौसेवा प्रमुख बृजकिशोर भार्गव मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करेंगे. वे भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान तथा जनजातीय समाज के उत्थान में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालेंगे. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास के जनजातीय नायकों के योगदान से परिचित कराना तथा उनमें राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक दायित्व के प्रति जागरुकता विकसित करना है.

### उपलब्धियों से शुरू होती भविष्य की बड़ी जिम्मेदारी : पटेल

**भोपाल.** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने युवाओं से कहा कि आज का समारोह उनके जीवन की उपलब्धियों का उत्सव तो है, लेकिन यह उनके भविष्य की बड़ी जिम्मेदारियों की शुरुआत भी है. उन्होंने युवाओं से अपेक्षा की कि वे संवेदना, सेवा और सहयोग के पथ पर निरंतर अग्रसर रहें और अपने हौसले तथा हुनर से गरीब, वंचित और जरूरतमंदों का जीवन बेहतर बनाने में योगदान दें. गरीब बस्तियों में जाकर जरूरतमंदों की मदद को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और अपने ज्ञान को सार्थकता प्रदान करें. राज्यपाल पटेल ने मंगलवार को स्वशासी संस्थान टेक्नोक्रेट्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (टी.आई.टी.) के

# नगरपालिका में हुए भ्रष्टाचार की जांच ठंडे बस्ते में

## एक सप्ताह में प्रस्तुत करना था रिपोर्ट, लेकिन एक माह बीते

**मंडीदीप, 10 मार्च. मंडीदीप नगर पालिका में वर्षों पहले हुए भ्रष्टाचार को लेकर नगर के मीडिया हाउस द्वारा विगत माह 6 सूत्रीय अनियमितताओं को लेकर कलेक्टर रायसेन अरुण कुमार विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा गया था. इसमें नपा के अलग अलग विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत पत्र दिया गया.**

कलेक्टर ने जिला परियोजना अधिकारी सुरेखा जाटव, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार हेमंत शर्मा, सीएमओ औबेदुल्लागंज, एसडीओ लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सीएमओ मंडीदीप प्रशांत जैन, सभी को अलग-अलग विभागों की जांच का जिम्मा दिया गया और तो और उन्हें जल्द ही रिपोर्ट सौंपने को कहा गया था, परन्तु एक माह बाद भी जांच का पता नहीं और न ही किसी प्रकार की कोई कार्रवाई हुई. नगर के लोगों का कहना है जांच ठंडे बस्ते में पड़ गई.

### इन विषयों पर होनी थी जांच

- कायाकल्प 01,02, पर सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर.
- नगर में चल रही तहबाजारी का प्रतिदिन की वसूली पर पैसे का बंदरबांट.
- नपा में घर बैठे कर्मचारियों को पैसा देने सम्बन्धी एवं फर्जी कर्मचारियों को लेकर.
- अमृत टू योजना में पहले की मुख्यमंत्री पेयजल योजना का समीलियन किस नियम से हुआ. और नहीं हुआ तो पहले के पैसे का क्या हुआ.
- सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निर्माण में हुई अनियमितता.

### कर्मचारियों पर गिर सकती है गाज

वही जैसे ही रिपोर्ट कलेक्टर रायसेन को जाएगी संभावना जताई जा रही नपा के उन कर्मचारियों पर गाज गिर सकती है, जिन्होंने पिछले कई सालों में नियम विरुद्ध योजनाओं का लाभ और साठगांठ कर अपात्र को भी पात्र बना दिया.

### इनका कहना है

कई विषयों की जांच रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है. एक या दो जांच की रिपोर्ट आना बाकी है. संभवत: दो से तीन दिन में रिपोर्ट कलेक्टर महोदय को सौंपी जाएगी.

**चंद्रशेखर श्रीवास्तव,**
एसडीएम, गौहरगंज

# कमर्शियल गैस सिलेंडर में कटौती पर जताई चिंता

**भोपाल, 10 मार्च. कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर में की गई कटौती पर फेडरेशन ऑफ़ एमपी टेंट एसोसिएशन ने चिंता जताई है.**

फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने बताया कि वर्तमान में अभी शादियों का सीजन चल रहा है, परंतु इज़राइल एवं ईरान युद्ध होने के कारण प्रशासन द्वारा कमर्शियल सिलेंडर की उपलब्धता कम करने से केटरिंग वालों को शादी विवाह में भोजन की व्यवस्था करना असंभव हो जाएगा.उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में 25000 से 30000 शादियां प्रतिदिन आयोजित हो रही हैं, जिसमें लगभग ढाई लाख कमर्शियल सिलेंडर की आवश्यकता होगी.

सिलेंडर की व्यवस्थाएं सुचारू न होने से वर एवं वधु पक्ष के परिवार के सदस्य भी काफी चिंतित हैं. फेडरेशन ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से मांग की है कि पर्याप्त कमर्शियल गैस सिलेंडर शीघ्र उपलब्ध कराए जाएं, ताकि शादी पार्टियों की भोजन व्यवस्था में किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो.

# सीएम राइज विद्यालय में 5 किमी क्षेत्र के स्कूल होंगे मर्ज

▸ कम विद्यार्थियों वाले स्कूलों को किया जाएगा मर्ज

**बैरसिया, 10 मार्च. शासकीय विद्यालय सीएम राइज स्कूल (सांदीपनि) में पांच किमी दायरे में आने वाले सरकारी स्कूल नये शैक्षणिक सत्र में मर्ज किए जाएंगे. शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए बसों की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा चुकी है.**

प्राप्त जानकारी अनुसार प्रथम चरण में पांच किलोमीटर अंदर के सभी प्राथमिक , माध्यमिक, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालय जिनमें छात्र संख्या कम है, ये सभी स्कूल सीएम राइज स्कूल में मर्ज किए जाएंगे. बता दें कि करीब 85 करोड़ की लागत से सर्वसुविधायुक्त सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय भवन स्कूल प्रबंधन को सौंपा जा चुका है. इसमें कक्षा 1 से 12 वीं तक के सैकड़ों छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं.




अब सरकार की योजना अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग पहले चरण में पांच किलोमीटर क्षेत्र तक के स्कूलों को मर्ज करने की तैयारी में है.

दूसरे चरण में 10 किलोमीटर क्षेत्र के स्कूल भी मर्ज किए जाएंगे. यदि ऐसा हुआ तो सीएम राइज सांदीपनि स्कूल बैरसिया में पांच किलोमीटर दायरे के लगभग एक दर्जन प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल मर्ज हो जाएंगे. बताया जाता है कि इन स्कूलों के शिक्षकों को दूरदराज गांवों के स्कूलों में रिक्त पदों पर पदस्थ करने की योजना है.



# अंधे हत्याकांड का पर्दाफाश, आरोपी को किया गिरफ्तार

▸ हमले में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**बाड़ी, 10 मार्च. बाड़ी पुलिस ने एक अंधे हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस के अनुसार 1-2 मार्च की दरमियानी रात अज्ञात आरोपी ने धारदार हथियार से हमलाकर कांतिबाई पाल और चिंतेश पाल को गंभीर रूप से घायल कर दिया था.**

चिंतेश पाल की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 47/26 धारा 118(2), 332(सी),109 (1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था. इस के दौरान कांतिबाई पाल की मृत्यु हो गई, जिससे प्रकरण में धारा 103 बढ़ाई गई

मुखबिर की सूचना के आधार पर हत्या करने वाले आरोपी की पतारसी कर आरोपी देवीराम पाल पिता धनराज पाल उम्र 60 साल निवासी वार्ड नंबर 08 पाल मोहल्ला बाड़ी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त खनीता (छोटा फावड़ा) जप्त किया गया है.

# किसानों की तीन सिंचाई मोटर चोरी

**बेगमगंज, 10 मार्च. अज्ञात चोरों द्वारा खेतों पर से किसानों की एक -एक करके तीन सिंचाई मोटर्स चोरी कर ली गई. किसानों ने पुलिस को सूचना देकर चोरी का मामला दर्ज कराया है.**

सूत्रों के अनुसार निकटवर्ती ग्राम चँदोरिया में बीती रात किसी अज्ञात चोरों द्वारा कृषक मानसिंह कुशवाहा पिता नंद लाल कुशवाहा, शुभम रजक पिता छोटे लाल रजक, अर्जुन सिंह कुशवाहा पिता जगत सिंह कुशवाहा के खेतों पर फसलों की सिंचाई के लिए 5 मोटर्स लगी हुई थी जिनमें से 3 मोटर चोरी कर ली गई. किसानों को तब पता चला जब वो आज सुबह अपने खेत पर पहुंचे तो कुएं पर लगी मोटर्स गायब पाई. तीनों किसानों की सूचना पर पुलिस ने खेतों पर पहुंचकर जांच करके अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्जकर तलाश शुरू कर दी है.



# पद्मश्री कैलाश मड़बैया 'बुंदेलखण्ड गौरव' से सम्मानित


**भोपाल, 10 मार्च. टीकमगढ़ के राजमहल में सम्पन्न काव्योत्सव समारोह में प्रख्यात साहित्यकार पद्मश्री कैलाश मड़बैया भोपाल को 'बुंदेलखण्ड गौरव 2026' से अलंकृतकिया गया.**

गीतकार सत्यनारायण तिवारी और मंत्री श्रीसियाराम अहिरवार ने अंगवस्त्र, मणिमाल, शाल, श्रीफल व प्रतीकचिन्ह भेंटकर सम्मनित किया.होलिकोत्सव मिलन पर सम्पन्न कवि सम्मेलन में 21 कवियों ने रचना पाठ किया. अध्यक्षता मीनू ने की. संचालन सियाराम अहिरवार ने किया. राजमहल टीकमगढ़ में हुये साहित्यिक सांस्कतिक सम्मेलन में अखिल भारतीय बुंदेलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद की जिला इकाई की प्रगति रपट प्रस्तुत की गई और आगामी ओरछा के राष्ट्रीय बुंदेली सम्मेलन 16 व 17 मार्च के संबंध में विमर्श किया गया. और बुंदेली भाषा के प्रचार प्रसार का संकल्प लिया गया.



**कार्यक्रम** ▸ सांची विश्वविद्यालय में 'भारतीय ज्ञान परम्परा और शिक्षा में संस्कृत का महत्व'

# भारतीय ज्ञान-विज्ञान का मूल संस्कृत में निहित : वज्राहल्ली





**सलामतपुर, 10 मार्च. सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ' द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा और शिक्षा में संस्कृत का महत्व विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संस्कृत भारती के सह-संगठन मंत्री (हैदराबाद) दत्तात्रेय वज्राहल्ली जी रहे, जिन्होंने भारतीय विज्ञान, वास्तुकला और शिक्षा प्रणाली में संस्कृत की व्यावहारिक उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डाला.**

**जड़ों से जुड़कर ही संभव है विकास:** अपने मुख्य उद्बोधन में वज्राहल्ली ने कहा कि किसी भी समाज का विकास उसकी मजबूत जड़ों पर ही निर्भर करता है. यदि हम अपने मूल से कट गए, तो सूख जाएंगे. उन्होंने बताया कि भारत पर हुए 200 सालों के आक्रमणों और भारी पतन के बावजूद भारतीय संस्कृति जीवित रही.

### भूगर्भ विज्ञान से लेकर खगोल तक का ज्ञान है संस्कृत

मुख्य वक्ता ने स्पष्ट किया कि संस्कृत केवल कर्मकांड की भाषा नहीं है. भूगर्भ विज्ञान से लेकर खगोल, पाक शास्त्र से लेकर रसायन विज्ञान और वास्तु से लेकर आयुर्वेद तक का विस्तृत वैज्ञानिक ज्ञान संस्कृत में समाहित है. प्राचीन भारतीय वास्तुकला और लौह शास्त्र की उत्कृष्टता का उदाहरण देते हुए उन्होंने मदुरै मीनाक्षी मंदिर और तलकाडु के छाया सोमेश्वर (त्रिकुटेश्वर) मंदिर का विशेष उल्लेख किया.

### रायसेन के 779 बुजुर्ग आज अयोध्या होंगे रवाना

**रायसेन.** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 11 से 14 मार्च तक अयोध्या तीर्थ यात्रा आयोजित की जा रही है. रायसेन जिले से आयोध्या तीर्थ दर्शन यात्रा हेतु चयनित 779 तीर्थ यात्री 11 मार्च को दोपहर 01 बजे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन भोपाल पहुचेंगे तथा वहां से ट्रेन के माध्यम से अयोध्या के लिए रवाना होंगे.

**Change of Name**

Anshika Kokane D/o Shri No. 4583081H Rank LNK Kokane Santosh Ramrao Residing Presently Residing at Jamthi BK Po. Jamthi Sub District Murtijapur Dist Akola State Maharastra Pin 444106 Have change my Name from Anshika Kokane to Anshika Santosh Kokane

**कार्यालय जनपद पंचायत बैरसिया**
**जिला भोपाल म.प्र.**
ब्लॉक कालोनी वार्ड नं. 13 नरसिंहगढ़ रोड बैरसिया
फोन नं. 07565-281070, ई-मेल jpberbhomp@nic.in, nregs.berasia@gmail.com

क्रमांक/6563/ स्था. जन. पचा/2026 — बैरसिया दिनांक :- 10.03.2026

**संशोधित नीलामी की सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है जनपद पंचायत बैरसिया द्वारा नगर बैरसिया में विदिशा रोड पर 22 दुकानों (साईज 20'X 12) का निर्माण किया गया है। इन दुकानों को 10 वर्ष पट्टे पर दिए जाने हेतु लोक नीलामी की कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैरसिया द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 65 के साथ सहपठित म.प्र. पंचायत (स्थान सम्पत्ति का अंतरण) नियम 1994 के प्रावधान अनुसार निम्नानुसार दिनांक स्थान व समय पर संपादित की जावेगी।

| दुकान क्रमांक | नीलामी दिनांक | समय | नीलामी का स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 से 22 कुल - 22 दुकानें | 07.04.2026 | प्रातः 12 बजे से | जनपद पंचायत बैरसिया के सभा कक्ष में (पंचायक सह विकास भवन) |

इच्छुक व्यक्ति दुकानों की नीलामी हेतु राशि संशोधित विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक 10.03.2026 से दिनांक 06.04.2026 तक कार्यालयीन समय पर स्थान जनपद पंचायत कार्यालय की स्थापना शाखा में उपस्थित होकर अपना आवेदन एवं निर्धारित अमानत राशि जमा कर बोली लगा सकते है। नीलामी संबंधी शर्ते, नियम व आरक्षण आदि समस्त जानकारी जनपद पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर सूचना फलक एवं स्थापना शाखा में देखी जा सकती है।

**अध्यक्ष**
**जनपद पंचायत बैरसिया**

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत बैरसिया**